**आकाशवाणी**
**क्षेत्रीय समाचार**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**
**गुरुवार 09.01.2025**
**समय 1830**

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की निर्णायक भूमिका पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 28वें राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए 72 सदस्यीय दल को नई दिल्ली को रवाना किया।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने अंतरिक्ष और रक्षा प्रौद्योगिकियों को समग्र दृष्टिकोण के साथ विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।
- केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से टी.बी. को समाप्त करने के लिए सौ दिन का अभियान चलाने को कहा।

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की निर्णायक भूमिका है। श्री मोदी ओडिशा के भुबनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने वैश्विक विकास और भारत की विकास यात्रा में प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने विश्वभर में देश के राजदूतों के रूप में भारतीय प्रवासियों की सेवाओं को उजागर किया। भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व पर चर्चा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत न केवल 'लोकतंत्र की जननी' है, बल्कि लोकतंत्र हमारी जीवन शैली में समाहित है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है और जल्द ही प्रवासी भारतीय एयरक्राफ्ट बनाने में 'मेड इन इंडिया' कार्यक्रम में योगदान करेंगे।
कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने कई प्रदर्शनियों का उद्घाटन किया।

## मुख्यमंत्री दल

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आगामी 10 से 12 जनवरी के बीच आयोजित होने वाले 28वें राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के 72 सदस्यीय दल को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय युवा उत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और प्रदर्शन करने का एक बड़ा मंच है। युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस दल में संगीत, लोक

नृत्य और लेखन समेत अनेक विधाओं में पारंगत युवा शामिल है, जो विभिन्न सांस्कृतिक और बौद्धिक आयोजनों में हिस्सेदारी करेंगे।

इस दल में सांस्कृतिक कार्यक्रम से जुड़े 30 प्रतिभागी और विकसित भारत से संबंधित 42 यंग लीडर्स राष्ट्रीय युवा महोत्सव में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। दल में 40 महिला प्रतिभागी, महिला सशक्तिकरण का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

**<u>राष्ट्रीय खेल</u>**

प्रदेश में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है। राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर ''मौली'' और मशाल ''तेजस्विनी'' का आज चमोली जिले की प्रवेश सीमा ग्वालदम पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। ग्वालदम में आईटीबीपी बैंड की अगुवाई में राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज के छात्रों, स्थानीय लोगों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने ग्वालदम बाजार में विशाल रैली निकाली और लोगों को राष्ट्रीय खेल में जोड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद मशाल रैली को जिला मुख्यालय गोपेश्वर के लिए रवाना किया गया। उधर, रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने राष्ट्रीय खेलों के प्रचार वाहनों को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर जिले के तीनों विकासखंडों के लिए रवाना किया।

**<u>उच्च शिक्षा सचिव</u>**

प्रदेश के उच्च व तकनीकी शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने चम्पावत जिले के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, डिग्री कॉलेज और सोबन सिंह जीना परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति के साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

**<u>राज्यपाल</u>**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने अंतरिक्ष और रक्षा प्रौद्योगिकियों को समग्र दृष्टिकोण के साथ विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता में भी योगदान मिलेगा। वे आज नई दिल्ली में एसआईए–इंडिया द्वारा आयोजित डैफसेट–2025 कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि 'विकसित भारत– 2047' का दृष्टिकोण हमें न केवल आत्मनिर्भरता की ओर ले जाता है, बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि भारत वैश्विक मंच पर अपनी अग्रणी भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों ने रक्षा और अंतरिक्ष विज्ञान में नए आयाम स्थापित किए हैं। तेजस जैसे स्वदेशी लड़ाकू विमान और अग्नि तथा पृथ्वी जैसी मिसाइलें भारत के आत्मनिर्भर रक्षा ढांचे का उत्कृष्ट

उदाहरण हैं। राज्यपाल ने अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप्स, छोटे और मध्यम उद्योगों की भागीदारी को बढ़ावा देने और भारत को 'स्पेस फॉर ऑल' नीति के तहत एक अग्रणी राष्ट्र बनाने पर भी बल दिया।

## तपेदिक रोग

गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अनुरोध किया है कि वे देश से तपेदिक रोग समाप्त करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता के तहत जेलों और सुधार संस्थानों में क्षय–रोग उन्मूलन के लिए 100–दिन का अभियान शुरू करें। मंत्रालय ने एक पत्र के जरिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जांच शिविर आयोजित करने और सभी जेलों में तपेदिक रोग से संबधित सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री प्रदर्शित करने को कहा है।

## निरीक्षण ऊधमसिंह नगर

ऊधमसिंह नगर के जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने अधिकारियों के साथ रुद्रपुर बिगवाड़ा मंडी में स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान और मतगणना की सभी व्यवस्थाओं को 20 जनवरी तक पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने कहा कि स्ट्रांग रूम और मतगणना के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

## पोलिंग बूथ निरीक्षण

हरिद्वार में नगर निकाय चुनाव के लिए लक्सर और सुल्तानपुर में बनाए गए पोलिंग बूथों का उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नगर अधिकारी को पोलिंग बूथ पर पानी, बिजली, शौचालय और सीसीटीवी कैमरे सहित चुनाव से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## स्मैक युवक गिरफ्तार

बागेश्वर में एसओजी की टीम ने वन स्टॉप सेंटर के पास करीब आठ ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि न्यायालय के आदेश के बाद आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में अल्मोड़ा जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद स्मैक की कीमत बाजार में ढाई लाख रुपए आंकी गई है।

## माघ मेला तैयारी

उत्तरकाशी जिले के रामलीला मैदान में पौराणिक माघ मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिला पंचायत की ओर से दुकानों के निर्माण सहित विभिन्न क्रियाकलापों के लिए स्थान चयन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इस वर्ष भी माघ मेले के अवसर पर जिले की देवडोलियों के संगम के साथ प्रदेश की पारंपरिक विरासत देखने को मिलेगी। हालांकि इस वर्ष मेला 14 जनवरी से 21 जनवरी तक ही आयोजित होगा। निकाय चुनाव की आचार संहिता को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त शर्तों के साथ इसकी अनुमति दी है।